>

Title: Need to increase Haz quota for the state of Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): सभापति जी, उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में हमारे मुस्लिम भाई रहते हैं और प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में वे हज करने के लिए सऊदी अरब जाते हैं। पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश से 35 हजार के लगभग हज यात्री सऊदी अरब यात्रा पर गये थे, लेकिन लगातार केन्द्र सरकार हज यात्रियों की संख्या घटाती जा रही है। मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि पिछले वर्ष 35 हजार 532 हज यात्री उत्तर प्रदेश से हज करने गये थे। वह संख्या घटाकर 25 हजार के लगभग कर दी गयी है। उत्तर प्रदेश से हज पर जाने के लिए आवेदन बड़े पैमाने पर प्राप्त हो रहे हैं लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यात्रा पर जाने वाले तीन-तीन, चार-चार वर्ष तक वेटिंग लिस्ट में पड़े रहते हैं। उन्हें हज पर जाने में तीन-चार वर्ष लग जाते हैं। केन्द्र सरकार उत्तर प्रदेश का कोटा हर वर्ष कम करती जा रही है। इस प्रकार से उत्तर प्रदेश के हज यात्रियों की उपेक्षा हो रही है।

भारत वर्ष के विभिन्न प्रांतों से 1 लाख 32 हजार के लगभग हज यात्री यात्रा पर जाते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश का जो कोटा है वह लगातार घटाया जा रहा है। आप सब्सिडी घटा रहे हैं उस पर कोई एतराज नहीं है, मुस्लिम भाई भी चाहते हैं, हमारे मौलाना भी चाहते हैं, लेकिन कोटा क्यों घट रहा है, उनके साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है? बनारस है, चन्दौली है, मऊ है, गाजीपुर है और पूर्वांचल के ऐसे बहुत जिले हैं जहां पर मुस्लिम भाई बहुतायत में रहते हैं।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि उत्तर प्रदेश का कोटा हज यात्रियों का बढ़ाया जाए।

MR. CHAIRMAN: Shrimati Kaisar Jahan and Shri P.L.Punia are allowed to associate with the matter raised by Shri Ramkishan.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Let him speak. The hon. Member from your Party has spoken. Please allow other parties also. I will call you later.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You have already said it. Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦**